हरीभूमि 25/09/2016

# सीएमडी में लान टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

राज्यस्तरीय इंटर सेक्टर लान टेनिस पुरूष व महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को सीएमडी महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पं. संजय दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके चक्रवर्ती ने किया। इस प्रतियोगिता के लिए छग शासन उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के महाविद्यालयों को 9 सेक्टरों में बांटा है। पुरुष व महिला वर्ग के इस मैच में रायपुर सेक्टर, दुर्ग सेक्टर, महासमुन्द सेक्टर, सरगुजा सेक्टर, कोरबा सेक्टर, बिलासपुर सेक्टर व राजनांदगांव सेक्टर के खिलाड़ी भाग लिए। यह प्रतियोगिता बिलासपुर क्लब बिलासपुर के लान टेनिस कोर्ट में खेला गया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पं. संजय दुबे ने खिलाड़ियों में अनुशासन की बातें कहीं और अच्छे प्रदर्शन कर अपने सेक्टर का नाम रौशन करने की बात कहीं। प्रतियोगिता का पहला मैच महासमुंद सेक्टर व सरगुजा सेक्टर के पुरुष खिलाड़ियों का हुआ, जिसमें सरगुजा सेक्टर में सीधे सेरो में 3-0 महासमुंद सेक्टर को पराजित किया। दूसरा मैच महिला वर्ग को महासमुंद सेक्टर को दुर्ग सेक्टर ने हराया। तीसरा मैच रायपुर सेक्टर ने कोरबा सेक्टर को हराया। सेमीफायनल पुरुष वर्ग में सरगुजा सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को हराया और रायपुर सेक्टर ने दुर्ग सेक्टर को हराया। पुरुष वर्ग का फायनल मैच रायपुर सेक्टर और सरगुजा सेक्टर के मध्य खेला गया इसमें रायपुर सेक्टर विजेता और सरगुजा सेक्टर उपविजेता रही। महिला वर्ग के मैच में रायपुर सेक्टर ने सरगुजा सेक्टर को, दुर्ग ने कोरबा सेक्टर को हराया। प्रतियोगिता का फायनल मैच महिला वर्ग में दुर्ग सेक्टर व रायपुर सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें दुर्ग सेक्टर उपविजेता और रायपुर सेक्टर विजेता रही। प्रतियोगिता में पूरे समय तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी छग शासन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विकास शाह उपस्थित रहे। क्रीड़ा अधिकारी रवीन्द्र मिश्रा महासमुंद से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता का समापन समारोह में महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान किया। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डॉ. एमएल चंद्राकर ने सभी अतिथियों व खिलाड़ियों का आभार प्रदर्शन किया।



बिलासपुर नई दुनिया 18/10/2016

# सीएमडी ने डीपी कॉलेज को हराया

**बिलासपुर। नईदुनिया न्यूज**

## अंतर महाविद्यालयीन बास्केट बाल स्पर्धा

डीएलएस कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीन बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर के सभी कॉलेजों ने भाग लिया है। इस स्पर्धा में पिछले 15 सालों बाद अर्पित मिश्रा की कप्तानी में सीएमडी महाविद्यालय ने डीपी विप्र कॉलेज को 50-17 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टीम के अन्य खिलाड़ियों में उपकप्तान अर्पण मिश्रा, श्रीयानसूं कौशिक, पवन निषाद, प्रदीप सिंधु, शिवा छाबड़ा, शिवानंद पटेल एवं करन साहू ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएलएस कॉलेज के चेयरमैन बसंत शर्मा के अलावा राजेश मिश्रा, राकेश तिवारी एवं सीएमडी कॉलेज टीम के कोच श्री चंद्राकर उपस्थित थे

बिलासपुर नवभारत 18/10/2016.

# अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबाल में सीएमडी चैम्पियन

**बिलासपुर.** डीएलएस कालेज में अंतर महाविद्यालयीन बास्केट बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें बिलासपुर के सभी कालेजों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में सीएमडी महाविद्यालय ने विगत 15 सालों बाद अर्पित मिश्रा की कप्तानी में सीएमडी महाविद्यालय नें डीपीविप्र महाविद्यालय को 50-17 के अंतर से हराकर फाइनल पहुंच चैंपियन बनी. सीएमडी कालेज की टीम में उपकप्तान अर्पण मिश्रा, श्रीयानसूं कौशिक, पवन निशाद, प्रदीप सिंधू, शिवा छाबड़ा, शिवानांद पटेल, करन साहू ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डीएलएस कालेज के चेयरमेन बसंत शर्मा सहित राजेश मिश्रा राकेश तिवारी तथा सीएमडी कालेज के कोच एम एल चन्द्राकर मंच पर उपस्थित थे.



बिलासपुर पत्रिका 18/10/2016.

# बिलासपुर यूनिवर्सिटी की पूरक परीक्षा में भी गफलत

## प्रवेश पत्र में कौशलेंद्र राव सेंटर, रोल नंबर डीपी विप्र लॉ कालेज में मिला

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



पूरक परीक्षा : सीएमडी कॉलेज में परीक्षा देते छात्र।

**बिलासपुर.** बीयू की पूरक परीक्षा में भी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। विद्यार्थियों को दिए गए प्रवेश पत्र में परीक्षा का सेंटर कौशलेंद्र राव विधि कालेज अंकित किया गया था जबकि उनका रोल नंबर डीपी विप्र कॉलेज में था। इतना ही नहीं परीक्षार्थियों को तय समय के बजाए आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया। मुख्य परीक्षा में पर्चालीक कांड और प्रश्नपत्रों में त्रुटियों व परीक्षा परिणाम जारी करने में गड़बड़ियों के आरोपों पर लगातार घिरने के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आ सका। पूरक परीक्षा में भी गड़बड़ी जारी रहा। परीक्षा के पहले दिन बीए संकाय के विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें भी सेंटर मे गड़बड़ी के कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह खबर लीक न हो इसलिए परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के अतिरिक्त प्रश्नपत्र हल करने के लिए आधे घंटे का अतिरिक्त समय देकर मनाने का प्रयास किया गया लेकिन खबर सामने आ ही गई। हालाकि यूनिवर्सिटी के अफसर इससे इनकार कर रहे है।

### कुलपति ने लिया जायजा

सोमवार से शुरू हुई बीयू की पूरक परीक्षा के पहले दिन कुलपति प्रोफेसर जीडी शर्मा ने परीक्षा केंद्र सीएमडी कॉलेज समेत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।

मैं बाहर हूं जानकारी नहीं है, वैसे अभी तक कोई मैसेज नहीं आया है परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है कहीं से कोई गड़बड़ी की शिकायत तो नहीं आई है।

**डॉ. प्रवीण पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक, बीयू**

सेंटर बदलने या अतिरिक्त समय देने की कोई आफिसियल शिकायत तो नहीं आई है। यदि प्रवेश पत्र में सेंटर की गलत जानकारी अंकित होने के कारण विद्यार्थियों को परेशानी होने या पूरे परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय देने का मामला सामने आता है पता लगाया जाएगा। **डॉ. इंदू अनंत, कुलसचिव, बीयू**

बिलासपुर भास्कर 23/11/2016

**फुटबाल स्पर्धा** इंटर कॉलेज फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा डीपी विप्र कॉलेज, रेलवे के एनईआई मैदान में चल रहा आयोजन

# सीएमडी और डीपी लॉ के बीच सेमीफाइनल मुकाबला आज

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

इंटर कॉलेज फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन डीपी विप्र महाविद्यालय के तत्वाधान में 22 और 23 नवंबर को रेलवे के एनईआई मैदान में आयोजित है। इसमें 7 टीमें भाग ले रही हैं, वहीं डीपी विप्र और साइंस कॉलेज के बीच हुए सेमीफाइनलल मुकाबले में डीपी विप्र ने जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरा सेमीफाइन मुकाबला 23 को डीपी विप्र लॉ और सीएमडी कॉलेज के बीच होगा। इसमें जीतने वाली टीम का मुकाबला डीपी विप्र से फाइनल मुकाबले में भिड़ेगी।

अंतर महाविद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि यूथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, डॉ. सुनंदा तिजारे, शानुल खान थे। उन्होंने बिलासपुर में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। स्पर्धा में 7 टीमें सीएमडी कॉलेज, डीपी विप्र कॉलेज, डीपी लॉ कॉलेज, सीपत कॉलेज, साइंस कॉलेज, जेपी वर्मा कॉलेज व डीएलएस कॉलेज की टीम भाग ले रही हैं। इसमें डीपी लॉ, सीपत और डीएलएस की टीम पहली बार मुकाबले में भाग ले रही हैं। इस दौरान पहला मैच साइंस कॉलेज और डीएलएस कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें साइंस कॉलेज ने मैच 5-1 से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच डीपी विप्र लॉ कॉलेज और जेपी वर्मा कॉलेज के बीच खेला गया। वहीं डीपी लॉ कॉलेज की टीम 3-1 जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं तीसरा मैच सीएमडी कॉलेज और गवर्नमेंट कॉलेज सीपत के बीच खेला गया। इसमें सीएमडी ने आसानी से जीत लिया। वहीं चौथा और पहला सेमीफाइनल मुकाबला डीपी विप्र कॉलेज और साइंस कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें डीपी विप्र कॉलेज ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 23 नवंबर को सीएमडी कॉलेज और डीपी लॉ कॉलेज के बीच खेला जाएगा।

## आज के मुकाबले

रेलवे एनईआई मैदान में सुबह 8 बजे से सेमीफाइनल मुकाबला सीएमडी कॉलेज और डीपी विप्र लॉ कॉलेज के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों में कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। दोपहर 2.30 बजे से फाइनल मुकाबला होगा। इसके मुख्य अतिथि यूथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल हैं।

## प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों की शिकायत खेल अधिकारियों ने की खानापूर्ति

फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के खिलाड़ियों ने टीए डीए बहुत कम मिलने का आरोप लगाया। खिलाड़ियों का कहना है कि खेल अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर दिए। भाग लेने वाले टीम को 4 सौ रुपए दिया गया, जिसमें 12 खिलाड़ी थे। वहीं कॉलेज से किट भी आधा अधूरा मिला। जिसमें टी शर्ट, शार्ट्स बस था। बूट, फुटबॉल सॉक्स, सीन गार्ड कॉलेज से नहीं मिला। वहीं मैदान पर पानी की व्यवस्था, मेडिकल किट नहीं था।

## मैदान की हालत खराब, पानी और मेडिकल किट थी

मैदान की व्यवस्था एनईआई की देखरेख में है। आउट फील्ड खराब है, खिलाड़ियों को चोट आई है। मैदान में हमने पानी बंटवाए थे, मेडिकल किट खेल में भाग लेने वाली टीम लेकर आती हैं। हमारे पास कॉटन और घाव को साफ करने का लिक्विड था।
-डॉ. अजय यादव, खेल अधिकारी, डीपी विप्र कॉलेज